एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में करीब 6,127 किलोमीटर सड़कों की नियमित मैनुअल सफाई होती है, जिसमें करीब 57 हजार सफाई मित्र लगे हैं। वहीं 66 मौजूदा मैकेनिकल स्वीपर करीब 4,000 किलोमीटर सड़क की एक दिन छोड़कर सफाई कर रहे हैं। इनसे रोजाना लगभग 180 टन सड़क की धूल एकत्र की जा रही है।

1202 किमी सड़कों की रिसर्फेसिंग

सड़क की धूल कम करने के लिए 2026 में 1,202 किलोमीटर सड़कों की एज-टू-एज रिसर्फेसिंग और सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य रखा गया है। जनवरी से अगस्त तक 689 किलोमीटर काम पूरा होने की जानकारी दी गई है। अप्रैल से अगस्त के बीच 6,797 गड्ढे भी भरे गए। गड्ढों की वैज्ञानिक मरम्मत के लिए एसओपी जारी करने के साथ सीएसआईआर-सीआरआरआई के साथ एमओयू किया गया है।

46 हॉटस्पॉट पर संयुक्त निगरानी

डीपीसीसी ने दिल्ली में 46 प्रदूषण हॉटस्पॉट चिह्नित किए हैं। इन क्षेत्रों में एमसीडी के जोनल उपयुक्तों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 11 राजस्व जिलों में मॉनिटरिंग कमेटियां और संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जो ग्रैप के प्रावधानों के पालन, फील्ड निरीक्षण और प्रदूषण स्रोतों पर कार्रवाई करेंगी।

कूड़ा जलाने पर कार्रवाई : संयुक्त प्रवर्तन दल बायोमास जलाने, निर्माण गतिविधियों से उड़ने वाली धूल, अनधिकृत ईंधन के इस्तेमाल और खुले में कूड़ा या सीएंडडी कचरा डालने पर कार्रवाई करेंगे। दिल्ली में रोजाना करीब 5,000 से 6,000 मीट्रिक टन सीएंडडी कचरा निकलता है।

5,900 टन अतिरिक्त क्षमता : ताजा कचरे के लिए भलस्वा, शिंगोला, ओखला, नरेला-बवाना और गाजीपुर में 5,900 टन प्रतिदिन अतिरिक्त निस्तारण क्षमता विकसित करने की योजना है। अप्रैल-अगस्त के बीच 4,00,282 पौधे लगाए गए व 9.53 लाख वर्गमीटर क्षेत्र को हरित किया गया।

उपलब्धि : हरे शैवाल से सुलझेगा दिमाग का रहस्य

नोबेल पुरस्कार



स्टॉकहोम, एजेंसी। मस्तिष्क के जटिल सर्किट तंत्र को निर्धारित करने की दिशा में विज्ञान को सबसे बड़ी सफलता पाने में जैसे वाले एक सूक्ष्म हरे शैवाल से मिली है। इस कलाकारी तकनीक को 'ऑप्टोजेनेटिक्स' नाम दिया गया है, जिसको मद्दे से वैज्ञानिक अब इंसान (रोगी) के जीन मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन) को 'स्विच ऑन' या 'स्विच ऑफ' कर सकते हैं।

इस खोज की तीन वर्षों के बायोफिजिसिस्ट डॉ. पीटर हेगेमैन और डॉ. जॉर्ज नागेल ने रखी थी। इन्होंने पाया कि हरा शैवाल प्रकाश की दिशा में तैरने के लिए विशेष प्रोटीन का इस्तेमाल करता है। वर्ष 2002-2003 में दोनों ने शैवाल में फैमलारोडॉप्सिन-1 और 2 नामक प्रकाश-संवेदनशील (लाइट सेंसिटिव) प्रोटीनों की पहचान की, जो नीली रोशनी पड़ते ही विद्युत संकेत (इलेक्ट्रिकल सिग्नल) पैदा करते हैं।

इसके बाद, अमेरिकी न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. कार्ल डीसेरॉथ ने इस खोज को इंसानी मस्तिष्क के अध्ययन से जोड़ा। उन्होंने फैमलारोडॉप्सिन के जीन को न्यूरॉन में डालकर प्रकाश की मदद से तंत्रिका कोशिकाओं को सक्रिय या निष्क्रिय करने का सफल परीक्षण किया। वर्ष 2005 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में चूहे पर सफल प्रयोग के बाद 2006 में इस तकनीक को औपचारिक रूप से 'ऑप्टोजेनेटिक्स' नाम दिया गया।

क्या है लाइट सेंसिटिव या फोटोरिसेप्टर प्रोटीन?

लाइट सेंसिटिव प्रोटीन को फोटोरिसेप्टर प्रोटीन कहा जाता है। ये विशेष अणु रोशनी पड़ते ही सक्रिय हो जाते हैं और अपना आकार बदलकर विद्युत तरंगें पैदा करते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं में डाले जाने पर ये रोशनी से सीधे नियंत्रित होने हैं, जिससे न्यूरॉन की सक्रियताओं और मस्तिष्क के व्यवहारों पर नियंत्रण संभव हो जाता है।

खोज के सूत्रधार

डॉ. पीटर हेगेमैन (71 वर्ष)



बर्लिन की हम्बोल्ट यूनिवर्सिटी से जुड़े जर्मन बैज्ञानिक। इन्होंने एकल-कोशिका वाले शैवाल की प्रकाश संवेदनशीलता को उजागर कर ऑप्टोजेनेटिक्स की बुनियाद रखी रखी।

डॉ. जॉर्ज नागेल (73 वर्ष)



यूनिवर्सिटी ऑफ फ्रीबर्ग के जर्मन मॉलीक्यूलर बायोफिजिसिस्ट। फैमलारोडॉप्सिन प्रोटीन की खोज की। इस योगदान के लिए उन्हें नई और हेन प्रदान जैसे कई सम्मान मिल चुके हैं।

डॉ. कार्ल डीसेरॉथ (54 वर्ष)



स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट व बायोइंजीनियर। पैशाल के जीन को तंत्रिका कोशिकाओं में ट्रांसप्लांट कर मस्तिष्क के विज्ञानों के अध्ययन को नई दिशा दी।

कैसे काम करती है?

मस्तिष्क का डॉन-ऐ हिस्सा हर, खुशी, व्यवहार या नींद को नियंत्रित करता है, इसी समझने के लिए वैज्ञानिक संवेदित न्यूरॉन में एक प्रोटीन डालते हैं। इसके बाद शैवाल एक रोशनी की किरण डालकर इन कोशिकाओं को सक्रिय या निष्क्रिय किया जाता है।

चिकित्सा जगत को मिलने वाले संभावित फायदे

1. मोतियाबिंद, नींद, व्यवहार और नींद को नियंत्रित करने वाले न्यूरल सर्किट की सटीक पहचान।
2. पार्किंसन, डिप्रेशन, लत्ती की लत और ब्रेन स्ट्रोक के सटीक कारणों और उपचार की खोज।
3. अनुवांशिक बीमारी रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा के मरीजों में दृष्टि लौटाने की नई राह।
4. सुनने की क्षमता (ऑडिटरी नर्व) को सीधे मस्तिष्क तक बेहतर तरीके से पहुंचाने के इलाज में मदद।

साल दर साल सरल हुई जिंदगी...

1990: अंग प्रत्यारोपण को संभव किया

अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. जोसेफ ई मुर्रे और डॉ. ई डोनल थॉमस को अंग और कोशिका प्रत्यारोपण के क्षेत्र में खास के लिए चिकित्सा का 1990 में नोबेल मिला था। डॉ. मुर्रे ने 1954 में पहली बार किडनी प्रत्यारोपण कर इतिहास रचा।

1997: वायरस प्रियॉन्स की पहचान में सफलता

अमेरिकी वैज्ञानिक स्टेनली बुहलर को 1997 में नोबेल मिला। इन्होंने संक्रमण फैलाने वाले एजेंट प्रियॉन्स की पहचान की थी जो मस्तिष्क के बीमारी के लिए खतनाक है। वायरस में बैक्टीरिया, वायरस, फंगी और पैरासाइट होते हैं।

2020: वायरस की खोज से इलाज आसान

हेपेटाइटिस- सी वायरस की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिक हार्वे जे अल्टर माइकल और ब्रिटेन के वैज्ञानिक चार्ल्स एम राइस को वर्ष 2020 में नोबेल दिया गया। वायरस की खोज 1989 में हुई थी।

प्रधानमंत्री ने स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति पारमेलिन से द्विपक्षीय वार्ता की साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर सहमति बनी

अमेरिका ने बमवर्षक

रहे हैं।

इससे तेल और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ेगी।

रिटेल पॉलिसियों में सह-भुगतान की व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव विचाराधीन

खुद भरनी होगी 10% दावा राशि

संभावना

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। स्वास्थ्य बीमा लेने वालों के लिए नए साल में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के स्तर पर रिटेल स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में 10 फीसदी सह-भुगतान लागू करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

अगर यह प्रस्ताव लागू होता है तो अस्पताल में भर्ती होने के इलाज के पात्र खर्च का 10 फीसदी हिस्सा पॉलिसीधारक को अपनी जेब से देना होगा। हालांकि, यह अंतिम फैसला नहीं है। इस प्रस्ताव में अभी और बदलाव संभव है।

एक दावे पर अधिकतम पांच लाख रुपये की सीमा : खबरों के मुताबिक प्रस्ताव में कहा गया है कि ग्राहक की हिस्सेदारी 10 फीसदी होगी, लेकिन एक दावे पर उसका अधिकतम योगदान पांच लाख रुपये तक सीमित रखने की बात है।

उदाहरण के लिए अगर किसी इलाज का पात्र खर्च 10 लाख रुपये है तो एक लाख रुपये ग्राहक को देने पड़ सकते हैं। 50 लाख रुपये के पात्र खर्च पर 10 फीसदी रकम पांच 5 लाख रुपये होगी और प्रस्तावित सीमा के कारण ग्राहक की हिस्सेदारी इससे अधिक नहीं होगी। इसके बदले बीमा कंपनियां कम प्रीमियम की पेशकश कर सकती हैं।

कैशलेस इलाज में भी देना होगा हिस्सा

1 प्रस्ताव केवल रीइंबर्समेंट वाले दावों तक सीमित नहीं है। कैशलेस इलाज में भी ग्राहक को पात्र अस्पताल खर्च का 10 फीसदी हिस्सा देना पड़ सकता है। बीमारी के साथ दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने से जुड़े खर्च भी इसके दायरे में रखने का प्रस्ताव है। वहीं, ओपीडी यानी अस्पताल में भर्ती हुए बिना होने वाले इलाज के दावों को इस व्यवस्था से बाहर रखने की बात कही गई है।



दूसरी पॉलिसी से नहीं भर पाएंगे यह रकम

2 प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि 10 फीसदी सह-भुगतान को किसी राइडर या एंडोर्समेंट के जरिये खत्म या कम नहीं किया जा सकेगा। ग्राहक अपनी इस हिस्सेदारी की भरपाई किसी दूसरी पॉलिसी से भी नहीं कर सकेगा। प्रस्ताव का दायरा रिटेल इंडेम्निटी हेल्थ पॉलिसियों के अलावा कुछ रिटेल-ग्रुप पॉलिसियों, कॉम्बी प्रोडक्ट के इंडेम्निटी हिस्से, पोर्टेबिलिटी और इंटरनल माइग्रेशन कारोबार तक हो सकता है।

बीमा कंपनियां क्यों चाहती हैं बदलाव?

3 बीमा कंपनियों का तर्क है कि इलाज का पूरा खर्च बीमा कंपनी द्वारा उठाए जाने की स्थिति में कुछ अस्पताल अतिरिक्त जांच, प्रक्रियाएं या ज्यादा दिनों तक मरीज को भर्ती रखने की सलाह दे सकते हैं। महंगे कमरे लेने से भी कुल बिल बढ़ सकता है, क्योंकि कुछ अस्पतालों में डॉक्टर की फीस और प्रक्रियाओं के शुल्क कमरे के किराये से जुड़े होते हैं। ऐसे खर्चों को नियंत्रित करने से स्वास्थ्य बीमा की बढ़ती लागत पर अंकुश लगाने की उम्मीद है।

4,300 अस्पतालों का साझा पैनल बनेगा

4 लागत घटाने के लिए अस्पतालों की साझा सूची और इलाज की प्रक्रियाओं के लिए बेंचमार्क दरें तय करने की भी योजना पर चर्चा है। जीआई काउंसिल की प्रस्तावित व्यवस्था में 4,300 से अधिक अस्पतालों को साझा पैनल में शामिल करने की बात है। इसके अलावा अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच विवादों के समाधान के लिए अलग व्यवस्था बनाने का प्रस्ताव है। इस कदम से ग्राहक स्वयं खर्च-बिल पर अंकुश रखने के लिए जागरूक होंगे।

ग्राहकों के सामने क्या विकल्प होगा?

5 अगर यह व्यवस्था लागू होती है तो ग्राहकों के लिए कम प्रीमियम वाली सह-भुगतान पॉलिसी और अधिक प्रीमियम देकर ज्यादा खर्च कवर करने वाली पॉलिसी के बीच चुनाव महत्वपूर्ण हो जाएगा। बुजुर्गों और गंभीर बीमारी का जोखिम रखने वाले लोगों को पॉलिसी लेते समय अपनी जेब से होने वाले संभावित खर्च का आकलन करना होगा। हालांकि, मौजूदा पॉलिसीधारकों को केवल प्रस्ताव के आधार पर पॉलिसी बदलने का फैसला नहीं करना चाहिए।

सेरेब्रल पाल्सी दिवस | एम्स और डीपीएसआरयू के अध्ययन में वेस्टिब्युलर स्टिमुलेशन के मिले अच्छे नतीजे, शोध में 6 से 12 साल की उम्र के बच्चों को शामि

नई थेरेपी से मासूमों के कदमों को ताकत मिल रही

■ तरनजीत कौर

नई दिल्ली। सेरेब्रल पाल्सी (जब दिमाग शरीर के अंगों से संपर्क न कर सके) से जूझ रहे बच्चों के पुनर्वास में वेस्टिब्युलर स्टिमुलेशन थेरेपी नई उम्मीद बनकर सामने आई है।

दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) और एम्स से जुड़े शोधकर्ताओं के एक अध्ययन में इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। शोध के नतीजे सितंबर, 2026 में ही जारी हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, सामान्य फिजियोथेरेपी के साथ वेस्टिब्युलर स्टिमुलेशन से बच्चों के संतुलन, शरीर की स्थिति समझने और चलने-फिरने व शरीर को नियंत्रित करने की क्षमता में सुधार हो सकता है। शोध में 6 से 12 साल की उम्र के 80 बच्चे जो सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित हैं उन्हें शामिल किया गया है। सभी बच्चे जीएमएफसीएस-3 स्तर पर थे। बच्चों को दो समूहों में बांटा।

एक समूह को पारंपरिक थेरेपी दी गई। वहीं, दूसरे समूह को पारंपरिक थेरेपी के साथ वेस्टिब्युलर स्टिमुलेशन थेरेपी भी दी गई। वेस्टिब्युलर थेरेपी के 30 मिनट के सत्र में करीब 10 मिनट बच्चों को संवेदी गतिविधियों के लिए तैयार किया गया। इसके बाद 20 मिनट झूले पर अलग-अलग गतिविधियां कराई गईं। इसके साथ 20 मिनट की पारंपरिक थेरेपी भी दी गई। इलाज से पहले और बाद में बच्चों के चलने-फिरने व शरीर को नियंत्रित करने की क्षमता, संतुलन और शरीर की स्थिति और मूवमेंट को समझने की क्षमता का आकलन किया गया। मंजरी त्रिपाठी के अनुसार, पीड़ित बच्चों को जरूरत के अनुसार कई तरह की थेरेपी देते हैं। इनमें ऑक्यूपेशनल, फिजिकल और स्पीच थेरेपी प्रमुख हैं।



80 बच्चे जो सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित हैं उन्हें अध्ययन में शामिल किया गया

01 हजार से 1500 रुपये के बीच है प्राइवेट अस्पताल में थेरेपी का खर्च (एक सेशन का)

वेस्टिबुलर स्टिमुलेशन क्या है?

शरीर के संतुलन और गति को नियंत्रित करने वाली वेस्टिबुलर प्रणाली को अलग-अलग तरह की सुरक्षित गतिविधियों से सक्रिय किया जाता है। यह प्रणाली मुख्य रूप से कान के अंदर होती है और दिमाग को बताती है कि हमारा शरीर किस दिशा में हिल रहा है। थेरेपी के एक सेशन का खर्च एक हजार से 1500 रुपये के बीच है प्राइवेट अस्पताल में। सरकारी अस्पताल में मुफ्त है।

तनाव के इलाज की राह खोजने वालों को नोबेल

स्टॉकहोम, एजेंसी। अमेरिका के वैज्ञानिक कार्ल डीसेरॉथ, जर्मन वैज्ञानिक पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार मिलेगा। तीनों वैज्ञानिकों को तंत्रिका तंत्र की कोशिकाओं पर नियंत्रण (ऑप्टोजेनेटिक्स) से जुड़े उत्कृष्ट काम के लिए पुरस्कार मिलेगा। इससे मानसिक तनाव जैसी बीमारियों का इलाज खोजने की राह आसान होगी।

स्वीडन स्थित द नोबेल एसेंबली ऑफ स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट मेडिकल यूनिवर्सिटी ने सोमवार को पुरस्कार की घोषणा की। एसेंबली के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने बताया कि इसकी बदौलत जीवित मस्तिष्क में मौजूद तंत्रिका कोशिकाओं को बंद या

- **अमेरिका के एक, जर्मनी के दो वैज्ञानिक शामिल**
- **कोशिकाओं पर नियंत्रण से जुड़े काम को सम्मान**

शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दिमाग से जुड़े रहस्य को सुलझाने के लिए ये तकनीक दुनिया की कई प्रयोगशालाओं में इस्तेमाल हो रही।

क्लीनिकल ट्रायल के दौरान लाइट सेंसिटिव प्रोटीन की मदद से आंख के गंभीर रोग रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा से जूझ रहे लोगों की रोशनी वापस लाने में भी मदद मिली है। तीनों वैज्ञानिकों को पुरस्कार के तौर पर कुल 12 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि भी मिलेगी।

शैवाल से सुलझेगा रहस्य P15

साइबेरिया की लैब में प्लेग लीक की आशंका, महिला कर्मी की मौत से अस्पताल सील, अमेरिका ने मांगी रिपोर्ट, रूस बोला-निमोनिया से गई जान

रूस में 'अज्ञात वायरस' से सहमी दुनिया

खौफ

साइबेरिया, एजेंसी। रूस के साइबेरिया स्थित इकुत्सक क्षेत्र में एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक महिला लैब टेक्नीशियन दर्या लिसिलोवा की संदिग्ध मौत के बाद इलाके में महामारी का खौफ फैल गया है।

अगस्त रिपोर्टों के अनुसार, लैब में जांच के दौरान जिंदा बैक्टीरिया वाली टेस्ट ट्यूब टूटने से वह संक्रमित हो गई थीं। हालांकि, रूसी स्वास्थ्य निगरानी संस्था 'रोस्पोट्रेबनाडजोर' ने इसे नकारते हुए दावा किया है कि उनकी मौत प्लेग से नहीं, बल्कि अज्ञात निमोनिया से हुई है और जनवरी में कोई घातक रोगाणु नहीं मिला।

इसके विपरीत, पड़ोसी राज्य बुरियाटिया के प्रमुख एलेक्सी त्सिदेनोव ने मौत को वाकई प्लेग होने की आशंका जताई है। यहीं, रोस्पोट्रेबनादजोर के पूर्व प्रमुख गेनेडी ओनिश्चेंको का कहना है कि यह प्लेग नहीं है और डंडे के कारण संक्रमण का इससे संभव नहीं है।

अस्पताल सील, 200 लोग निगरानी में : मंगोलियाई सीमा के पास शेलेखोव कस्बे के जिस अस्पताल में महिला भर्ती थी, वहां के पूरे स्टाफ को क्वारंटीन कर दिया गया है। स्वतंत्र मीडिया 'लिडी वैकाला' के अनुसार करीब 200 लोग निगरानी में हैं। अस्पताल में नए मरीजों की भर्ती रोक दी गई है और कुछ अन्य अस्पताल बंद कर दिए गए हैं।

लॉकडाउन की चर्चाओं के बीच गवर्नर इगोर कोब्जेव ने शांति की अपील की है। एहतियातन सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द हैं और नजदीकी एल्युमिनियम प्लांट में मास्क अनिवार्य कर दिया गया है।

वेबर मैसिज मीडिया के अनुसार, पिछले 10 दिनों में संक्रमण के किसी अन्य कर्मी में संक्रमण नहीं मिला, हालांकि संपर्क में आए लोगों में कोविड-19 व इन्फ्लुएंजा के दो-दो मामले मिले हैं।

अमेरिका ने मांगी जानकारी : अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह जैविक प्लेग से संभावित मौत की स्थिति पर रूसी सेवा के साथ नजर रख रहा है। अमेरिका ने रूस से सटीक जानकारी साझा करने की अपील की है। लगभग 95 शोधकर्ता अब खतरनाक संस्थान साइबेरिया और सुदूर-पूर्वी क्षेत्रों में अति-जोखिम वाले संक्रमणों की रोकथाम का प्रमुख केंद्र है।



दर्या लिसिलोवा • एजेंसी फाइल

हम स्थिति पर रख रहे नजर: रुबियो

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को कहा कि रूस के साइबेरिया स्थित इकुत्सक क्षेत्र में एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट में लैब वर्कर की मौत के मामले पर करीबी से नजर रख रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए रुबियो ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस की बात नहीं है।

> अफवाहों और अपुष्ट खबरों, अटकलों के बजाय स्वास्थ्य निगरानी संस्था के आधिकारिक बयानों पर भरोसा करें।
> -दिमित्री पेस्कोव, प्रवक्ता क्रेमलिन।



रूस के साइबेरिया के इकुत्सक क्षेत्र में एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट की लैब में तैनाती वीट पहने कर्मचारी। यहीं पर लैब टेक्नीशियन महिला की संदिग्ध मौत हुई थी।

कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान ने सुरक्षा कड़े किए

रूस में प्लेग फैलने की आशंका के बीच कम पड़ोसी देशों कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान ने अपनी सीमाओं सुरक्षा चिकित्सों को कड़ा कर दिया है। किर्गिस्तान ने स्वास्थ्य सुरक्षा ने सभी सीमा चौकियों को हाई अलर्ट पर रखा है। सीमा पार करने वाले वाहनों, यात्रियों और सामानों की कड़ाई से निगरानी की जा रही है। उज्बेकिस्तान स्वास्थ्य प्रतिनिधिमंडल ने रूस और विश्व स्वास्थ्य संगठन के डेटा के आधार पर निगरानी तेज कर दी है, ताकि संक्रमण को देश में आने से रोका जा सके। कजाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। संक्रमण फैलने का जोखिम बेहद कम है, फिर भी सीमा पर वर्तमान स्क्रीनिंग व सघन जांच की जा रही है।



कितना घातक है न्यूमोनिक प्लेग?

यर्सीनिया पेस्टिस जीवाणु से होने वाला यह संक्रमण प्लेग के तीनों रूपों में सबसे खतरनाक है, क्योंकि यह सांस (हवा) के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे में तेजी से फैलता है।

■ **लक्षण :** अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, कमजोरी, खांसी में खूं, सांस लेने में तकलीफ और खूनी या झागी जैसा बलगम।

जब लैब से लीक हुए घातक वायरस

■ **मारबर्ग वायरस (जर्मनी, 1967) :** युगांडा से लाए गए अफ्रीकी हरे बंदरों के टिशू कल्चर रिसर्च के दौरान वैज्ञानिक संक्रमित हुए, 31 लोग बीट में आए 7 की मौत हुई।

■ **इन्फ्लूएंजा : (रूस-चीन, 1977) :** 1950 के दशक के आखिर एवटोनाना स्टेन पर वैक्सीन रिसर्च के दौरान वायरस गलती से इंसानी में फैल गया।

■ **चेचक (ब्रिटेन, 1978) :** बर्मिंघम यूनिवर्सिटी की लैब से ऊपर ऊपर के जरिए स्मॉलपॉक्स लीक होने से जेनेट पार्कर की मौत हुई।

■ **कोरोना वायरस (वुहान, 2019) :** इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी से वायरस लीक होने का दावा। जिस पर वैज्ञानिक मतभेद जारी है।

हेल्थ पॉलिसी में 10% जेब से देने का प्रस्ताव, विवाद

■ NBT रिपोर्ट

AI Image



जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (GIC) के एक नए प्रस्ताव को लेकर स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र मे विवाद खड़ा हो गया है। प्रस्ताव के तहत व्यापक स्वास्थ्य बीमा लेने वाले मरीजों को भी इलाज के खर्च का 10% अपनी जेब से देना पड़ सकता है। अगर यह प्रस्ताव लागू होता है तो अगले साल 1 जनवरी से सभी सामान्य बीमा कंपनियों की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों मे यह शर्त लागू हो सकती है।

जनरल इंश्योरेंस काउंसिल ने प्रस्ताव पेश किया

प्रस्ताव मे सह-भुगतान की अधिकतम सीमा 5 लाख रुपये रखने की बात कही गई है। आलोचकों का कहना है कि इससे 50 लाख रुपये तक के इलाज का खर्च मरीज पर 10% के हिसाब से आ सकता है। उदाहरण के तौर पर 20 लाख रुपये के अस्पताल बिल पर मरीज को 2 लाख रुपये खुद देने पड़ सकते है। GIC का तर्क है कि इससे अस्पतालों की ओर से अनावश्यक जांच, प्रक्रियाओं और लंबे समय तक मरीज को भर्ती रखने से बढ़ने वाले इलाज के खर्च पर लगाम लगाई जा सकेगी। आलोचकों के मुताबिक अस्पतालों की मनमानी रोकने की जिम्मेदारी मरीजों पर नही डाली जानी चाहिए। आंकड़ों के अनुसार, 2023 मे भारत मे औसत स्वास्थ्य बीमा दावा करीब 42,000 रुपये था। केवल 15 प्रतिशत दावे 1 लाख रुपये से अधिक और 0.2 प्रतिशत 10 लाख रुपये से अधिक थे। प्रस्ताव पर नियामकीय हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

Tomato flu

बच्चों को चपेट में ले रहा टोमैटो फ्लू, रोज़ 3-4 मामले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



चेहरा टमाटर की तरह लाल हो जाता है, इसलिए इसे टोमैटो फ्लू कहा जाता है

7-10 दिन में ठीक हो जाते हैं ज्यादातर बच्चे

डॉक्टर बोले, यह काफी संक्रामक बीमारी

टोमैटो फ्लू नॉर्मल फ्लू की तरह है, लेकिन यह टमाटर से नहीं होता। एक खास प्रकार के वायरस की वजह से होने वाली इस बीमारी को मेडिकली हैंड, फुट एंड माउथ डिजीज (HFMD) कहा जाता है। इन दिनों यह बीमारी छोटे बच्चों को अपनी चपेट में ले रही है। स्कूल जाने वाले और कम उम्र के बच्चों में इसके मामले देखे जा रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि रोज तीन से चार मामले सामने आ रहे हैं।

2 मिनट में पढ़ें

यह बीमारी कॉक्ससैकी A16 वायरस से होती है। यह काफी माइल्ड संक्रमण होता है। पिछले साल इसके संक्रमण पर एक रिपोर्ट इंटरनैशनल मेडिकल जर्नल में छपी थी, जिसमें इसे टोमैटो फ्लू कहा गया था। इसके बाद यह नाम प्रचलित हो गया। संक्रमण के दौरान चेहरा टमाटर की तरह लाल हो सकता है, इसलिए भी इसे टोमैटो फ्लू कहा जाता है।

आकाश हेल्थकेयर की पीडियाट्रिक डॉ. मीना जे ने बताया कि छोटे बच्चों में तेज बुखार, खाना-पीना कम होना या डिहाइड्रेशन जैसी समस्या होने पर विशेष निगरानी जरूरी है। बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक या अन्य दवाएं नहीं देनी चाहिए।

PSRI हॉस्पिटल के डर्मेटोलॉजी विभाग के एक्सपर्ट डॉ. भानुक धीर ने कहा कि यह काफी संक्रामक बीमारी है। संक्रमित बच्चे की लार, नाक और गले के स्राव, खांसी-छींक की बूंदों, फफोलों के तरल या मल के संपर्क में आने से संक्रमण फैल सकता है। संक्रमित बच्चे की इस्तेमाल की गई वस्तुओं, खिलौनों या दूसरी सतहों को छूने से भी संक्रमण का खतरा रहता है।

मैक्स द्वारका के पीडियाट्रिक्स डॉक्टर विकास तनेजा ने कहा कि कुछ लोग इसे चिकनपॉक्स समझ लेते हैं, लेकिन चिकनपॉक्स हर्पीस वेरीसेला-जोस्टर वायरस से होता है। इसमें पानी वाले दाने होते हैं, जबकि HFMD में दानों में पानी नहीं होता। डॉक्टर ने कहा कि जिस बच्चे में इसके लक्षण हों, उसे डॉक्टर को दिखाने के बाद दूसरे बच्चों से अलग रखना जरूरी है। स्कूल में संक्रमण के मामले सामने आने पर संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।

HFMD का इलाज : डॉ. विकास तनेजा के मुताबिक, HFMD का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। वायरस के खिलाफ कोई विशेष दवा नहीं है। ज्यादातर बच्चे 7 से 10 दिनों में ठीक हो जाते हैं। पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ देना जरूरी है, खासकर तब जब मुंह के छालों की वजह से बच्चा खाना-पीना कम कर रहा हो।

कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल मिट्टी की सेहत के लिए खतरा

जनरल संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली : बदलते मौसम और फसलों पर कीटों के बढ़ते हमलों से निपटने के लिए कीटनाशकों का बहुत अधिक इस्तेमाल खेती, इंसानी सेहत के साथ पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इससे जहां मित्र कीट नष्ट हो रहे हैं, वहीं उर्वरा धरती की सेहत भी बिगड़ रही है।

दूसरी तरह, फसलों के जहरीले अवशेष कैंसर और त्वचा रोगों जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहे हैं। यह जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), ऊजवा की तरफ से हिंदुस्तान कीटनाशी लिमिटेड के सहयोग से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में दी गई। इस कार्यक्रम में दिल्ली देहात के 250 से अधिक किसान शामिल हुए,



कृषि विज्ञान केंद्र ऊजवा में सोमवार को 'पेस्ट और कीटनाशक' विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल महिला व पुरुष किसानों को संबोधित करते विशेषज्ञ • सौ. कृषि विज्ञान केंद्र

केवीके के जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को कीट प्रबंधन और सुरक्षित खेती के सिखाए गए गुर, 250 किसान हुए शामिल

जिनमें कई महिला किसान भी थीं। विशेषज्ञों ने कीट प्रबंधन और सुरक्षित खेती के गुर सिखाए।

उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि किसान अक्सर कीटों के मामूली प्रकोप पर भी निर्धारित मात्रा से ज्यादा कीटनाशक केमिकल का छिड़काव कर देते हैं। इससे कीटों में दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता (रेजिस्टेंस) विकसित हो जाती है और अगली बार फसलों को बचाने के लिए और अधिक जहरीले रसायनों का सहारा लेना पड़ता है। केवीके दिल्ली के अध्यक्ष डा. देवेंद्र कुमार राणा ने बताया कि कीटनाशकों का असंतुलित उपयोग भूजल को जहरीला बनाने के साथ-साथ पर्यावरण की प्राकृतिक संरचना को बिगाड़ रहा है। कार्यक्रम में मौजूद तकनीकी सलाहकार डा. वाईपी रामदेव डा. आर. थापर ने स्पष्ट किया कि फसलों को सुरक्षा देने के साथ-साथ किसानों को छिड़काव के दौरान अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए। किसानों को प्रशिक्षित करते हुए विशेषज्ञों ने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों जैसे पीपीई किट, मास्क, दस्ताने और चश्मे के इस्तेमाल को अनिवार्य बताया। साथ ही सलाह दी गई कि पैकेट के लेबल पर लिखे निर्देशों और अनुशंसित मात्रा के हिसाब से ही घोल तैयार करें।

इसके अलावा, छिड़काव और फसल की कटाई के बीच निर्धारित प्रतीक्षा अवधि (वेटिंग पीरियड) का कड़ाई से पालन करने और खाली बोतलों या रैपर को खुले में न फेंककर सुरक्षित तरीके से नष्ट करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जागरूक कर सुरक्षित कृषि उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा।

दिमाग की रहस्यमयी गुत्थियां सुलझाने वाले तीन विज्ञानियों को चिकित्सा का नोबेल

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : दिमाग की रहस्यमयी गुत्थियां सुलझाने वाले तीन विज्ञानियों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया जाएगा। सोमवार को अमेरिका के कार्ल डिसेरोथ और जर्मनी के पीटर हेगेरीन तथा जार्ज नगेल को इस साल के लिए चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने का एलान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार 'आटोमेकेनिक्स' का विकास करने के लिए दिया जा रहा है। यह एक ऐसी तकनीक है, जिसमें दिमाग की अलग-अलग तंत्रिका कोशिकाओं को नियंत्रित करने के लिए प्रकाश का इस्तेमाल किया जाता है। 1.20 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (12 लाख डालर) की पुरस्कार राशि तीनों विज्ञानियों में बराबर बांटी जाएगी।

• डिसेरोथ, हेगरीन व नगेल की तकनीक से अलसर, किसी जैसी बीमारियों के इलाज में मिलती है मदद



नोबेल पुरस्कार के लिए चुने गए। बाएं से। कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगरीन और जार्ज नगेल • फो. नोबेल प्राइज डाट ओआरजी

विज्ञानियों को इस तरह मिली सफलता

पिछले सदी के आखिरी दशक में हेगरीन ने देखा कि कोशिकाओंनेगेटिव आवेश किसी मॉलेक्यूल को प्रकाश पर कैसे प्रतिक्रिया देता है। उन्होंने अनुमान लगाया कि एक ही प्रोटीन प्रकाश को पकड़ता है और आवेश हेगरीन के तौर पर भी काम करता है। नगेल ने पेप्टाइड के आधार पर इस सिद्धांत का और आगे बढ़कर परीक्षण किया और हेलरहोडॉप्सिन-2 की खोज की, जो प्रकाश के प्रति संवेदनशील आयन चैनल है। 2003 में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए कि इस प्रोटीन को कैसे व हेमटर चैनल में डालकर प्रकाश की मदद से इलेक्ट्रिक सिग्नल पैदा किए जा सकते हैं। दो वर्ष बाद डिसेरोथ ने चूहों की तंत्रिका कोशिकाओं पर इस तकनीक का प्रयोग किया। 2006 में इसका नाम 'आप्टोजेनेटिक्स' रखा गया।

चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार पाने वाले तीनों विज्ञानियों को जानिये

कार्ल डिसेरोथ : 54 वर्षीय अमेरिकी विज्ञानी डिसेरोथ की रुचि बचपन से ही विज्ञान और साहित्य दोनों में थी। सुलज्जक में न्यूरोसर्जरी में जाने का मन बनाने वाले डिसेरोथ ने बाद में मनोरोग विज्ञान, साइकियट्री। की पढ़ाई। लार्वर्ड से डिग्री होने के बाद उन्होंने स्टेनफोर्ड से पीएचडी और एमडी पूरी की। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया में कार्यरत हैं।

पीटर हेगरीन : जर्मनी में डाक्टरों के परिवार में जन्मे 71 वर्षीय हेगरीन को बचपन से ही विज्ञान और नई चीजों की खोज में दिलचस्पी थी। हिमटोकर कोलमन जैसे लोजवार्ड के प्रशासक हेगरीन ने 2020 का लिंडाऊ नोबेल लाइटर जीतने के बाद कहा था कि विज्ञानिक सोच कायम करना हमारा दायित्व बनता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, बोस्टन में जुड़े हैं।

जार्ज नगेल : 78 वर्षीय जर्मन विज्ञानी नगेल यूनिवर्सिटी, आक्सफोर्ड, जर्मनी से कार्यरत हैं। नगेल एक नहर की उम्र में नंबेर बीमार पड़ गए थे। 2020 का 'सा प्राइज' लेते समय हाल था कि बचपन में उन्हें खसरा, चेचिकी और जे विज्ञान बहुत पसंद थे। डेरगेन ने उनकी सुनवाया टेक्नालॉ के मैक्स प्लैंक इन्स्टीट्यूट। अफ कार्डियोवैस्कुलर में जुड़े थे।

फार्मेन ने कहा कि इस तकनीक से जीवित मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं को गतिविधि को चालू करना व बंद करना सुनिश्चित हो जाता है। न्यूरासर्जन हाइमा के अनुसार, तीनों विज्ञानियों ने 'लाइट-गेटेड आयन चैनल' (एक तरह के प्रोटीन) पर शोध कर 'आप्टोजेनेटिक्स' तकनीक का आविष्कार किया। इस तकनीक में सोफकर्स दिमाग की कोशिकाओं में परिवर्तन लाते हैं और फिर केमिकल बदलाव लाते हैं। इस तकनीक से खास न्यूरान को सक्रिय कर देते हैं। यह तकनीक दुश्चिंताओं, अवसाद, मिर्गी, जो की लत, पार्किंसंस और हिमोफिलिया जैसी बीमारियों के इलाज के लिए अहम जानकारी देती है। बीमारियों दुनियाभर में लाखों लोगों की प्रभावित करती है।